# मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्रदेश सरकार की प्राथमिकता

## कांग्रेस ने आम आदमी के विकास के लिए नहीं किया कार्य

हरिद्वार। **संवाददाता**

मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। आगामी महाकुम्भ के दृष्टिगत प्रदेश सरकार तीर्थनगरी हरिद्वार को आधुनिक सुविधाओं से युक्त करने में जुटी है। यह विचार शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने क्षेत्रीय पार्षद अनिरूद्ध भाटी के संयोजन में आयोजित समारोह में उत्तरी हरिद्वार वार्ड नं. 3 स्थित कमलदास कुटिया में विधायक निधि से निर्मित 8 शौचालयों का लोकार्पण करते हुए व्यक्त किये।

शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि अपने शासन के 60 वर्षों में कांग्रेस ने आम आदमी के विकास के लिए कार्य नहीं किया। कांग्रेस की केन्द्र व राज्य की सरकारें भ्रष्टाचार में लिप्त रही जिसके चलते आजादी के 72 वर्ष पश्चात भी देश की जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित रही। मदन कौशिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत के नेतृत्व में केन्द्र व प्रदेश सरकार तीर्थनगरी हरिद्वार के चहुंमुखी विकास को समर्पित है।

रिंग रोड योजना, भूमिगत विद्युत लाईन, भूमिगत गैस पाइप लाईन जैसी योजनाओं से हरिद्वार की तस्वीर बेहतर होगी। उन्होंने कहा कि हरिद्वार के विकास में कोई कोर–कसर नहीं रहेगी। क्षेत्रीय पार्षद अनिरूद्ध भाटी ने कहा कि शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक के प्रयास से आज हरिद्वार की तस्वीर बदल रही है। वार्ड नं. 3 दुर्गानगर, भूपतवाला में सीवर, सड़क, पेयजल लाईन व शौचालयों का निर्माण युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। कांग्रेस शासन में उत्तरी हरिद्वार में एक भी विकास कार्य नहीं हुआ।

शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक का कमलदास कुटिया में पहुंचने पर क्षेत्रीय महिलाओं ने सुषमा ठाकुर वार्ड अध्यक्ष, दीपा पाठक, उर्मिला भसीन, अंजू देवी के नेतृत्व में माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा वार्ड अध्यक्ष नीरज शर्मा, भारत नन्दा, सूर्यकान्त शर्मा, डॉ. श्यामलाल पुरी, डॉ. प्रेमप्रकाश सतलेवाल, नाथीराम प्रजापति, आदर्श पाण्डेय, सुनील ठाकुर, राजेश कुमार, पारस, कन्हैया, अनुपम त्यागी, संदीप गोस्वामी, राजेन्द्र प्रजापति, आरईएस के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक का स्वागत करते क्षेत्रवासी।

## सुपरफास्ट खबरें

### पुल के पास मृत अवस्था में मिला व्यापारी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। सुमाडी–जैली मोटरमार्ग पर मोटरमार्ग पुल के पास एक व्यापारी संदिग्ध अवस्था में मृत अवस्था में मिला। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। शुक्रवार को 37 वर्षीय गगन सिंह पुत्र नारायण सिंह निवासी सुमाड़ी भरदार जैली कंडाली मोटरपुल के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ा था। सुबह जब लोगों की आवाजाही शुरू हुई तो, उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। कोतवाल रुद्रप्रयाग प्रदीप बिष्ट व चौकी प्रभारी सुमाडी सुभाषचन्द्र सुन्दरियाल मयफोर्स मौके पहुंचे। जिसके बाद पुलिस ने युवक व्यापारी को चौक किया तो, वह मृत हो चुका था। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया है।

### खेलकूद स्पर्धा में दिखाया दमखम

**संवाददाता** अल्मोड़ा। विकास खंड हवालबाग के ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता एचएनबी खेल स्टेडियम में आयोजित की गई। जिसमें खिलाड़ियों ने खूब दमखम दिखाया। इसमें प्राथमिक वर्ग की 50 मीटर की फर्राटा दौड़ में दीपक व ममता ने बाजी मारी। प्राथमिक व सब जूनियर वर्ग में दीपक, ममता, पवन व पूजा ने व्यक्तिगत चैंपियनशिप जीती। खेलकूद प्रतियोगिताओं खो–खो प्रतियोगिता के बालक–बालिका प्राथमिक वर्ग में टानी व जूड़कफून विजेता, सब जूनियर में जूड़–कफून, कबड्डी प्राथमिक में दौलाघट व टानी, जूनियर में जूड़कफून विजेता रहा।

### भेषज संघ ने जिले के किसानों को बांटे विभिन्न प्रजातियों के पौधे

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। जिला भेषज एवं सहकारी विकास संघ ने जनपद के विभिन्न सरकारी विभागों, ग्राम पंचायत, वन पंचायत, स्वयं सहायता समूह एवं कृषकों को 29910 रीठा, आंवला, कचनार, शहतूत एवं बड़ी इलायची के जड़ी बूटी के पौधों का निशुल्क वितरण किया है। जिससे जनपद में अधिक से अधिक वृक्षारोपण हो सके। जिला भेषज कई वर्षों से लगातार जनपद के कृषकों को निशुल्क जड़ी बूटी की पौधों का वितरण करता आ रहा है। जिससे कृषिकरण होने के साथ ही किसानों की आर्थिकी में भी सुधार हो रहा है।

## जिला स्तरीय गंगा संरक्षण समिति की बैठक आयोजित

# स्वच्छता समिति की बैठक कर गंगा संरक्षण समिति को रिपोर्ट दें

रुद्रप्रयाग। **संवाददाता**

जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल ने जिला कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय गंगा संरक्षण समिति की बैठक ली। बैठक में जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को हर कस्बे में स्वच्छता समिति की बैठक कर जिला स्तरीय गंगा संरक्षण समिति को रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा।

बैठक में जिलाधिकारी ने नगरपालिका एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को कूड़ा उठाने वाले पर्यावरण मित्र के पास दो बैग (गीला व सूखा) जैविक और अजैविक कूड़े के लिए तथा घर से कूड़ा उठाने वाले पर्यावरण मित्र को वर्दी में भेजने के निर्देश दिए। साथ ही स्वच्छता बनाये रखने के लिए प्रत्येक वार्ड में स्वच्छता जागरूकता पखवाडे का आयोजन किया जाय। बैठक में यह भी तय किया गया कि नदी के किनारे गंगा को स्वच्छ बनाये रखने के लिए महिला मंगल दल तथा नुक्कड नाटय के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। साथ ही गंगा को स्वच्छ बनाये रखने के लिए नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को स्थान चिन्हित कर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने का निर्णय लिया गया। जिला स्तरीय गंगा संरक्षण समिति द्वारा नंमामि गंगे के तहत बने 5 सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

बैठक में पर्यावरणविद् जगत सिंह जंगली, परियोजना अर्थशास्त्री एमएस नेगी, उप प्रभागीय वनाधिकारी महिपाल सिंह सिरोही, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत जीपी आर्य, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रुद्रप्रयाग सहित अन्य मौजूद थे।



सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी एवं अन्य।

### स्विफ्ट कार पूर्वी नयार नदी में गिरी, जेई की मौत

**संवाददाता** कोटद्वार। कोटद्वार में एक स्विफ्ट कार पूर्वी नयार नदी में गिर गई। इस दुर्घटना में लोक निर्माण विभाग के जूनियर इंजीनियर की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक तहसील थेलीसैंण के अंतर्गत बैजरो–पंचपुरी मार्ग में स्विफ्ट कार संख्या यूके–17एच–3984 नयार नदी में गिर गई। हादसे में जूनियर इंजीनियर योगेश कुमार निवासी बहादराबाद हरिद्वार की मौत हो गई। मृतक बैजरो डिवीजन में तैनात था। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर कार्रवाई के लिए भेज दिया है। परिजनों को दुर्घटना की जानकारी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार बीती रात करीब नौ बजे योगेश बैजरो बाजार से खाना खाकर अपने कमरे की ओर लौट रहे थे। रास्ते मे पंचपुरी मोटर पुल के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। सुबह विभागीय साथियों ने जब खोज शुरू की तो योगेश की कार मोटर पुल के पास नदी में गिरी मिली।

# आचार्य बालकृष्ण की तबीयत बिगड़ी, ऋषिकेश एम्स में भर्ती

हरिद्वार। **संवाददाता**

योग गुरु स्वामी रामदेव के सहयोगी और पतंजलि आयुर्वेद के एमडी आचार्य बालकृष्ण (47) को शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने के बाद एम्स ऋषिकेश में भर्ती कराया गया। शुरू में कहा गया कि आचार्य बालकृष्ण को दिल का दौरा पड़ा है, हालांकि योग गुरु बाबा रामदेव के प्रवक्ता एस के तिजारावाला ने इस बात का खंडन करते हुए कहा है कि यह हार्ट अटैक का नहीं बल्कि फूड पॉयजनिंग का मामला है। एम्स ऋषिकेश ने आचार्य बालकृष्ण को इमर्जेंसी में भर्ती कराने की बात कन्फर्म की है।

तबीयत बिगड़ने के तुरंत बाद आचार्य बालकृष्ण को हरिद्वार के भूमानंद हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया लेकिन हालत गंभीर होने पर ऋषिकेश एम्स के लिए रेफर कर दिया गया। आचार्य बालकृष्ण शुक्रवार दोपहर पतंजलि संस्थान के बहादराबाद के फेज वन स्थित ऑफिस में थे तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद उनके स्टाफ में हड़कंप मच गया।



आचार्य बालकृष्ण।

### आचार्य बालकृष्ण की हालत में हो रहा सुधार

एम्स ऋषिकेश ने बताया है कि आचार्य बालकृष्ण को इमर्जेंसी में भर्ती किया गया है और उनकी हालत मे सुधार हो रहा है। अस्पताल से जारी बयान के मुताबिक, उनका ब्लड प्रेशर, ईसीजी और इको आदि जांच की रिपोर्ट नॉर्मल आई है। फिलहाल वहां क्रिटिकल केयर डिपार्टमेंट में उनका इलाज चल रहा है।



# कृष्ण मंदिरों में लगी श्रद्धालुओं की भीड़

अल्मोड़ा। **संवाददाता**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व शुक्रवार को धार्मिक आस्था के साथ उत्साहपूर्वक मनाया। इस मौके पर लोगों ने उपवास रख कृष्ण मंदिरों में पूजा–अर्चना कर सुख–समृद्धि व निरोगी काया की कामना की। दिन भर कृष्ण मंदिरों में भजन–कीर्तन से श्रीकृष्ण व राधा की महिमा का गुणगान किया।

इस शुभ मौके पर लोगों ने उपवास रखकर जिले के विभिन्न स्थानों में स्थापित भगवान श्रीकृष्ण मंदिरों में पूजा अर्चना की। नगर के प्राचीन मुरलीमनोहर मंदिर में सुबह से ही पूजार्थियों की कतार लगी रही। इधर सरस्वती विद्या मंदिर शिवाजीनगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण से संबंधित भजन प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य गिरिजा किशोर पाठक ने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के अनेक प्रसंगों से बच्चों को अवगत कराया।